दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 192 मुरादाबाद, 31 October 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

## संक्षिप्त समाचार

### सुनो जी कमरे में चलते हैं... ये कहकर ले गई बीवी और फिर तीन औरतों से दिल लगाने की पति को दी खौफनाक सजा

झारखंड के लोहरदगा से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां के कैरो थाना अंतर्गत खरता गांव में पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गई। पुलिस को घटना की जानकारी मिली तो घटनास्थल पहुंची और आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर संभावित स्थानों में छापेमारी कर रही है।लोहरदगा जिला के कैरो थाना अंतर्गत खरता गांव में पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गई है, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर कैरो थाना पुलिस संभावित स्थानों में छापेमारी कर रही है।बताया जाता है कि खरता गांव निवासी गंगू उरांव के बेटे प्रदीप उरांव ( 34 वर्ष ) की हत्या उसकी पत्नी बरती उरांव ने पत्थर से कूच कर कर दी है। रविवार की रात कुछ मेहमानों के साथ प्रदीप उरांव घर में सोया हुआ था। तभी उसकी पत्नी प्रदीप को बुलाकर अपने कमरे में ले गई, जिसके बाद पत्थर से कूच कर उसकी हत्या कर दी।ताला तोड़कर कमरे से निकाला गया शव-सुबह जब मृतक के छोटा भाई गुंजन उरांव ने देखा तो पाया कि बरती के कमरे में बाहर से ताला लगा हुआ है। जब ताला तोड़कर अंदर देखा गया तो प्रदीप का शव पड़ा हुआ था। इसके बाद सूचना कैरो थाना पुलिस को दी गई। कैरो थाना पुलिस घटना स्थल पहुंचकर सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, प्रदीप उरांव की तीन पत्नियां हैं। सबसे बड़ी पत्नी प्रदीप के छोटे भाई गुंजन उरांव के साथ रहती है। वहीं, दूसरी पत्नी बरती जिसने प्रदीप की हत्या कर दी। तीसरी पत्नी का नाम सूरजु उरांव बताया जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो प्रदीप की हत्या का कारण तीन पत्नियों के बीच विवाद बताया जा रहा है। मामला जो भी है, पुलिस घटना के संबंध में हर एक बिंदु की गहनता से जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। कैरो थाना के एसआई ऋषिकांत का कहना है कि हत्या का कारण पति-पत्नी के बीच विवाद है। हालांकि, जांच-पड़ताल की जा रही है। आरोपित को जल्द गिरफ्तार

## प्रधानमंत्री मोदी मेहसाणा पहुंचे, करोड़ों रुपयों की विभिन्न विकास परियोजनाओं का एलान




मां अंबा के दर्शन करने के बाद पीएम मेहसाणा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री केवड़िया भी जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचे हैं। इस मौके पर वह मेहसाणा पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अब पीएम मोदी एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कहा कि आज और कल का दिन हमारे लिए बहुत खास है। आज यानी 30 अक्तूबर को गोविंद गुरुजी ने आजादी के लिए अपनी जान दे दी थी। उन्होंने अंग्रेजों को कड़ी टक्कर दी थी। वहीं, 31 अक्तूबर का दिन हमारे लिए इसलिए खास है क्योंकि सरदार बल्लभभाई पटेल का जन्म हुआ था। पीएम मोदी ने आगे कहा, '31 अक्तूबर का दिन हमारे लिए इसलिए खास है क्योंकि सरदार बल्लभभाई पटेल का जन्म हुआ था। हम सरदार पटेल के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं। आने वाली पीढ़ियां सरदार पटेल की प्रतिमा को देखेंगी, लेकिन झुकेंगी नहीं, उनका सिर ऊंचा रहेगा।' उन्होंने आगे कहा, 'गोविंद गुरुजी का पूरा जीवन भारत की आजादी और आदिवासी समुदाय की सेवा के लिए बीता। उनकी सेवा और राष्ट्रीयता इतनी प्रबल थी कि उन्होंने बलिदानों की परंपरा शुरू की और वे बलिदानों के प्रतीक बन गए। पिछले वर्ष हमारी सरकार ने मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित किया।' मेहसाणा में पीएम मोदी ने कहा, 'यहां आने से पहले, मुझे अंबाजी मंदिर के दर्शन करने का मौका मिला। गब्बर ( अंबाजी गांव के पश्चिम में एक छोटी पहाड़ी ) को विकसित किया जा रहा है। मैंने कल मन की बात में इसके बारे में बात की थी। साथ ही आज 6000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की घोषणा की है। ये परियोजनाएं किसानों को मजबूत करेंगी। इनसे पूरे देश से कनेक्टिविटी बनेगी। इन परियोजनाओं से मेहसाणा के आसपास के सभी जिले लाभान्वित होंगे।'इससे पहले बनासकांठा में पीएम मोदी ने एक रोड शो किया। उसके बाद उन्होंने अंबाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि मां अंबा के दर्शन करने के बाद पीएम मेहसाणा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने पहुंचे हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री केवड़िया भी जाएंगे, जहां वह स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।इसके अलावा यहां राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह भी मनाया जाएगा। इसके बाद पीएम आरंभ 5.0 में 98वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करेंगे।

## अखिलेश ने पूरी की पीडीए साइकिल यात्रा, बोले – 2024 में सत्ता में आए तो अग्निवीर व्यवस्था खत्म करेंगे



सियासी जानकारों का कहना है कि अखिलेश यादव की पीडीए यात्रा का जितना संदेश भारतीय जनता पार्टी को जा रहा है, उतना ही संदेश या उससे ज्यादा कांग्रेस के लिए है। हालांकि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि देश में लोगों को बांटने की राजनीति करने वालों के खिलाफ यह यात्रा एक बड़े संदेश के तौर पर निकल रही हैआने वाले चुनावों में जिन समुदायों को साध कर कांग्रेस अपनी सियासी नींव मजबूत करना चाह रही है, उन्हीं समुदायों पर समाजवादी पार्टी लगातार अपनी दावेदारी ठोक रही है। बीते कुछ दिनों में जिस तरह से कांग्रेस ने मुस्लिम समुदाय के नेताओं को अपने साथ जोड़ने का सिलसिला शुरू किया, वह उत्तर प्रदेश की सियासत से लेकर केंद्र की राजनीति को एक संदेश देने की कोशिश है। इसी कड़ी में अखिलेश यादव की पीडीए यात्रा (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) उत्तर प्रदेश के सियासी गलियारों में बड़ा संदेश देने की तैयारी में आगे बढ़ रही है। सियासी जानकारों का कहना है कि अखिलेश की पीडीए यात्रा वैसे तो सत्ता पक्ष के खिलाफ और अपनी पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए चल रही है। लेकिन बीते कुछ दिनों से जिस तरह कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच में तनाव बढ़ा है, उससे इस यात्रा के कई सियासी मायने भी निकाले जा रहे हैं।वैसे तो अखिलेश की पीडीए यात्रा बीते कुछ समय से उत्तर प्रदेश के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजर रही है। समाजवादी पार्टी के नेताओं के मुताबिक पार्टी की यह यात्रा उनके चुनावी एजेंडे और उत्तर प्रदेश में आने वाले लोकसभा के चुनावों की मजबूती के लिहाज से शुरू की गई है। लेकिन राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस यात्रा के माध्यम से समाजवादी पार्टी ने एक साथ कई संदेश दे दिए हैं। इन संदेशों में न सिर्फ भारतीय जनता पार्टी शामिल है, बल्कि ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन की अहम साझेदार पार्टी कांग्रेस के लिए भी इस यात्रा के माध्यम से बड़े सियासी संदेश निकल रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषक ओपी तंवर कहते हैं कि बीते कुछ दिनों में अगर उत्तर प्रदेश की सियासत को बहुत करीब से समझा जाए, तो समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच में खुले तौर पर नेताओं के बीच में आमना सामना हो रहा है। शुरुआत आजमगढ़ में हुए चुनावों के नतीजे के साथ हुई। तंवर कहते हैं उसके बाद रही सही कसर मध्यप्रदेश में समाजवादी पार्टी की ओर से गठबंधन के चलते मांगी गई सीटों के बाद पूरी हो गई। सियासी जानकार बताते हैं कि कांग्रेस भी लगातार समाजवादी पार्टी के इस गढ़ में सेंधमारी करने की तैयारी कर रही है, जो उसका कोर वोट बैंक है। हालांकि कांग्रेस का मानना है कि समाजवादी पार्टी के साथ जो भी वोट बैंक जुड़ा है, वह कभी कांग्रेस का ही वोट होता था। इसलिए कांग्रेस मुसलमानों से लेकर दलित और पिछड़ों की सियासत में आगे बढ़ रही है। राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार सदानंद तिवारी कहते हैं कि अखिलेश यादव पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों के माध्यम से न सिर्फ उत्तर प्रदेश की सियासत बल्कि आने वाले लोकसभा के चुनाव में अपनी मजबूत राजनीतिक नींव रख रहे हैं। उनका कहना है कि गठबंधन के बावजूद भी दोनों दलों के बड़े नेताओं को छोड़ दिया जाए, तो निचले स्तर पर जमकर तनातनी चल रही है। ऐसे में समाजवादी पार्टी की पीडीए यात्रा उसी राह पर चल रही है, जिस पर कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपना जनाधार बढ़ाने की तैयारी कर रही है। दरअसल बीते कुछ दिनों में जिस तरह से आजम खान के मामले में कांग्रेस ने बढ़-चढ़कर बयानबाजी करनी शुरू की और उनसे मिलने की योजनाएं बनाई, वह समाजवादी पार्टी के नेताओं को रास नहीं आई। सियासी जानकारों का कहना है कि समाजवादी पार्टी के नेता कांग्रेस के इस दांव को सियासी चाल बता रहे हैं। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी की पीडीए यात्रा में जिन बिंदुओं को शामिल कर आगे बढ़ाया जा रहा है, उसमें आजम खान का भी मुद्दा शामिल है। राजनीतिक जानकार ओपी तंवर का कहना है कि कांग्रेस ने पश्चिम में मुस्लिम नेताओं पर दांव लगाकर उनका अपने साथ जोड़ने की कवायत शुरू की है। क्योंकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम नेता बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी के हिस्से में आते हैं। इससे भी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच में अंदरूनी तौर पर तकरार बढ़ी है। सियासी जानकारों का कहना है कि अखिलेश यादव की पीडीए यात्रा का जितना संदेश भारतीय जनता पार्टी को जा रहा है, उतना ही संदेश या उससे ज्यादा कांग्रेस के लिए है। हालांकि


## सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हैं, लेकिन जमानत याचिका रद्द करने के आदेश से असहमत हैं; प्रेसवार्ता कर बोली AAP




दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका रद्द होने पर आप नेता आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि जब सिसोदिया की जमानत का केस सुना जा रहा था तब सुप्रीम कोर्ट ने प्रॉसिक्यूशन ( अभियोजन पक्ष ) से बहुत तीखे सवाल पूछे थे। ईडी से बार-बार यही सावल पूछे थे कि आपके पास मनीष सिसोदिया से जुड़ी मनी ट्रेल कहां है? सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका की रद्द। प्रेसवार्ता कर आप नेता आतिशी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जताई असहमति।दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका रद्द होने पर आप नेता आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि जब सिसोदिया की जमानत का केस सुना जा रहा था, तब सुप्रीम कोर्ट ने प्रॉसिक्यूशन ( अभियोजन पक्ष ) से बहुत तीखे सवाल पूछे थे। ईडी से बार-बार यही सावल पूछे थे कि आपके पास मनीष सिसोदिया से जुड़ी मनी ट्रेल कहां है? क्या उनके पास पैसा आया, क्या उनके परिवार के पास पैसा आया? या फिर उनके किसी परिवार से जुड़ी कंपनी के पास पैसा आया।अगर ईडी मनीष सिसोदिया के पास पैसा पहुंचता नहीं दिखा सकती तो मनी लॉन्ड्रिंग का सवाल कैसे पैदा होता है और पीएमएलए लगने का सवाल कैसे पैदा होता है। सिर्फ दिनेश अरोड़ा के बयान पर बनाया केस- सुप्रीम कोर्ट ने ये भी पूछा कि ईडी की जो सारे अभियोजन पक्ष का केस है, वो सिर्फ एक अप्रूवल दिनेश अरोड़ा के बयान के आधार पर है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट यह तक कहा कि गवाह तो अपनी जान बचाने के लिए कुछ भी कह सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसला का करेंगे अध्ययन

सुप्रीम कोर्ट का हम सम्मान करते हैं और सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हुए सम्मानपूर्वक यह कहना चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने जो आज फैसला दिया है उससे हम असहमत हैं। उस निर्णय को लेकर आगे क्या-क्या कानूनी कार्रवाई हो सकती है, हम उसको एक्सप्लोर ( अध्ययन ) करेंगे। आतिशी ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी का कोई भी नेता एक रुपये के भ्रष्टाचार में शामिल नहीं हुआ है। आम पार्टी ईमानदारी थी है और रहेगी। पार्टी ने न ही भ्रष्टाचार किया है और न ही करेगी। ईडी ने अपनी चार्जशीट में भी एक भी रुपया नहीं दिखाया है कि जो मनीष सिसोदिया के पास पहुंचा हो। उन्होंने कहा कि कितने भी आरोप ईडी, सीबीआई और दिल्ली पुलिस लगा ले, वो एक भी रुपये का भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध नहीं कर पाएगी, क्योंकि आप ने भ्रष्टाचार किया ही नहीं है।भाजपा ईडी सीबीआई का प्रयोग करके अपने विपक्षियों को खत्म करना चाहती है। जो कोई भी पार्टी भाजपा के खिलाफ खड़ी है, उनके खिलाफ सरकारी तंत्र का प्रयोग किया जा रहा है। किस तरह एजेंसियों का इस्तेमाल करके विपक्षी पार्टियों को निशाना बनाया जा रहा है।



### पीडीए साइकिल यात्रा के दौरान सपा के वरिष्ठ नेता राजन यादव की हार्ट अटैक से मौत

केकेसी छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष रह चुके सपा के वरिष्ठ नेता राजन यादव की पीडीए साइकिल यात्रा के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पीडीए साइकिल यात्रा के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता राजन यादव की हार्ट अटैक से मौत हो गई। यात्रा के दौरान उन्हें प्लासियो के पास हार्ट अटैक हुआ।राजन यादव केकेसी के छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। अखिलेश यादव सोमवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जनेश्वर मिश्र पार्क तक सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ साइकिल यात्रा निकाल रहे थे। वह प्लासियो में स्वागत समारोह में मौजूद थे तभी उन्हें हार्ट अटैक आ गया।

## चुनाव प्रचार के दौरान सांसद पर चाकू से हमला, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती; हमलावर गिरफ्तार



तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति ( बीआरएस ) सांसद और दुब्बाक विधानसभा से पार्टी उम्मीदवार कोठा प्रभाकर रेड्डी पर सोमवार को सिद्दीपेट जिले में चुनाव प्रचार करने के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी है। सांसद रेड्डी को पेट में आई चोट- पुलिस ने बताया कि इस हमले में मेडक लोकसभा क्षेत्र से सांसद के पेट में चोटें आईं है, जिसके बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक, सांसद कोठा रेड्डी की स्थिति स्थिर है। उन्होंने बताया कि यह घटना लताबाद मंडल में उस दौरान हुई जब वह विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार कर रहे थे।हिरासत में लिया गया हमलावर- एक टीवी फुटेज में प्रभाकर रेड्डी को एक वाहन में बैठे हुए अपने खून को बहने से रोकने और पेट पर लगे चाकू के घाव को दबाते हुए दिखाया गया है।वहीं, सिद्दीपेट के पुलिस आयुक्त एन श्वेता ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि सांसद को जिस व्यक्ति ने कथित तौर पर चाकू मारा था उसको कुछ स्थानीय लोगों ने पिटाई कर दी। हालांकि, बाद में हमलावर को हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में आगे की जांच की जा रही है।बीआरएस सांसद कोठा प्रभाकर रेड्डी को सिद्दीपेट में उनके चुनाव प्रचार के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके पेट में चाकू मार दिया। सांसद कोठा प्रभाकर रेड्डी सुरक्षित हैं। घटना दौलताबाद मंडल के सुरमपल्ली गांव में हुई। उन्हें गजवेल में स्थानांतरित कर दिया गया है। कथित आरोपी हिरासत में है, हम मामले की जांच कर रहे हैं।- एन श्वेता, सिद्दीपेट कमिश्नर

# संपादकीय Editorial

## Activism of Election Commission

The Election Commission of India did not delay in sending 'show cause notices' to Congress General Secretary Priyanka Gandhi Vadra and Assam Chief Minister Himanta Biswa Sarma. The Commission has also stopped those Rathi Yatras, in which a circular had even been issued forcing government officials and employees to become 'Rath-Prabhari' and publicize the projects of the Government of India. However, Rajasthan Chief Minister Ashok Gehlot gave a statement during this time that CBI and ED keep roaming 'like dogs'. Compared to the public statements made by Priyanka and Himanta, Gehlot's remarks are highly objectionable as he was cursing the country's major investigating agencies. Investigative agencies operate under the Constitution and law and are answerable to the Government of India. Congress has been ruling the country for more than 55 years. Did she also follow CBI and ED 'like a dog'? Did the Election Commission not send a notice to Rajasthan Chief Minister Gehlot and ask for his explanation or is the action on the notice still under consideration? However, the Commission has considered the statements of both the star leaders of Congress and BJP against the 'Model Code of Conduct'. While addressing a public meeting in Rajasthan, Priyanka had taunted Prime Minister Modi that he had put only Rs 21 in an envelope in the donation box of a temple. Actually, such taunts do not get votes. Such public insult of the Prime Minister is not even an election issue nor does the public accept it. Just as various political parties in other states are campaigning to get mandate on their respective issues, the Congress General Secretary should also have limited himself to the issues. This mentality itself is 'feudal'.

The comments made by Assam Chief Minister Himanta Biswa Sarma to a Chhattisgarh minister also violated the code of conduct. Himanta holds a constitutional post, hence there are more expectations from him regarding decorum of words and language. Certainly the 'immediate action' of the Election Commission is remarkable and praiseworthy, but the election process will end in five states on December 5. If by then satisfactory explanations from these leaders do not reach the Commission, then what action can be taken against these leaders is a question of concern and concern. Perhaps that is why the Election Commission has been considered 'toothless' in many contexts. The elections will pass, the leaders have given the statements they had to give, hence the politics has been played, but what is the role of the Commission regarding the protection of the code of conduct? However, the Chief Minister of Assam has clarified his statement by writing on 'X' (Twitter) and has termed the Congress government of Chhattisgarh as 'guilty'. Priyanka Gandhi has used WhatsApp channel to present her point of view. Having intense and destructive conversations using social media remains a contentious issue.

Social media is not an appropriate forum for constitutional clarification. It doesn't even have legality. This is a forum where politicians believe they can ignore the Commission's notices and clarifications. In fact, this should also be punishable, hence there has been talk of reforms in the Election Commission. Suppose, if any leader says anything objectionable against the code of conduct, then immediate action should be taken to disqualify him from campaigning and giving speeches. The final decision can be given after reply to the notice. This privilege can be given only by the Parliament and the Government of India. The process of assembly elections is going on in five states, so it is natural for the campaign to be full and fierce. It is the role of the Election Commission to crack down on them There are many things in the statements.

# Instead of India, Bharat's education is in the concurrent list

Instead of India, India's education is in the concurrent list and with the kind of politics we are seeing in the country regarding the new education policy, it seems difficult to have uniformity in all the school books in the name of India. National Council of Educational Research and Training (NCERT) has proposed to change India to India. If the recommendation is the result of an in-depth discussion, then it should be welcomed. A committee of NCERT has made a unanimous recommendation in this regard. There was a lot of debate on this topic in the past and the Constitution was also cited in this context, but then The basis of this debate was more political. In fact, since the short name of the opposition front formed against the NDA government was kept as India, politics started taking place over this word. Then in honor of the visiting heads of government who came to the G-20 summit, the President Ji had organized a dinner on which the President of India was mentioned on the invitation card. From here the old debate on the name of the country took the form of a controversy. In such a situation, this issue will definitely be raised once again with the new recommendation of NCERT. It is true that many names were used for India before independence, even after this only the names Bharat, India and Hindustan continued to be used. Suppose, three Indians stand on a platform as representatives of these three, then what message are we giving to the world? We do not say that people with names other than Bharat have the slightest loyalty towards the motherland, but some loyalties demand uniformity, for example, the national flag, the constitution, the name of the nation should be the same, our policy rules should take this matter seriously. We should consider that the name India should be universally accepted among all sections of the country. We have many examples of this in which the country changed its name and the people there accepted this struggle. Even within India, we have seen many states and cities changing their names. The name changed and he became popular. His people are proud of this decision, hence the time has come that a final decision should be taken in this matter with consensus. The historicity of the word India is not hidden from anyone, then why can't political unity be established? We are living in the era of propaganda. People's opinion of it now dominates the important dialogues whereas this is contrary to the basic spirit of democracy. Due to this, even easily resolved matters have started becoming victims of deadlock. Just doing everything in the name of India. There is a dispute only on giving, if our entire political class had not had the desire to adorn their chests, then it would have been resolved through constructive dialogue. We have made more than 100 amendments in our Constitution according to the time and need, then the country's Why can't an amendment be made regarding the name? Experts of NCERT have done the research and if it is accepted then only India will be printed in its books instead of India because education is a subject of concurrent list and the kind of politics we are seeing regarding the new education policy involves the country. There is hardly any uniformity in the name of all the school books. In such a situation, it is necessary that the Central Government takes steps regarding this situation by taking all the state governments and parties into confidence.-Mira Kaushik's own thoughts

# Politics: Politics of guarantee is also a part of the strategy, no one is an exception

In view of this figure, the importance of women voters is understandable. Women's voting participation has increased rapidly in the last thirty years. In the year 1993, there was about 60 percent voting and then 68 percent men, while only 52 percent women voted. Is Congress putting forward Priyanka Gandhi as a well thought out strategy to woo women voters in the assembly elections of Rajasthan and Madhya Pradesh? Announcements related to women and children are being brought forward as a guarantee through Priyanka Gandhi, so that women can be taken into full confidence. At the rally in Jhunjhunu in Rajasthan, Chief Minister Ashok Gehlot put forward Priyanka Gandhi as a guarantee card. Ten thousand rupees will be given to the female head of the household every year and one crore families will get a gas cylinder for Rs 500. This will increase additional expenditure of ten and a half thousand crores on the government. There is a tough fight between Congress and BJP in Rajasthan and according to experts, the key to power lies with women and youth. There are 2.53 crore women voters in the state as against 2.73 crore male voters, but women have the upper hand in casting their votes. In the 2018 assembly elections, 74.72 percent votes were cast in the state. The percentage of male votes among them was 73.49 percent, while 74.67 percent women voted. At that time, the difference between Congress and BJP was only 0.54 percent, that is, Congress got only 1.79 lakh votes more than BJP. In view of this figure, the importance of women voters is understandable. Women's voting participation has increased rapidly in the last thirty years. In the year 1993, there was about 60 percent voting and then 68 percent men, while only 52 percent women voted. But now the story has changed. This is the reason why both the parties are missing women voters and also women leaders. Priyanka Gandhi had earlier guaranteed to give Rs 1,500 monthly to every woman in Madhya Pradesh. He had also given guarantee of 'Padho-Padhao Scheme' of giving Rs 500 per month to children up to eighth class, Rs 1,000 to children of ninth-tenth and Rs 1,500 per month to children of eleventh-twelfth. Earlier, in Himachal Pradesh and Karnataka also guarantees were given from Priyanka Gandhi. Politics is being played even in giving guarantees. Prime Minister Modi is calling Congress's guarantee an election slogan and saying that Congress is giving guarantee only to win the elections, it will forget it after winning the elections. On the other hand, he is linking BJP's guarantee with Modi's guarantee, and saying that it is Modi's guarantee which will be fulfilled. This is interesting politics in itself. One is saying, believe our guarantee, while the other is saying believe our guarantee, because we have fulfilled the guarantee. On the other hand, Kejriwal, who started the game of guarantees, is also calling Aam Aadmi Party's guarantee as Kejriwal's guarantee. In Madhya Pradesh, Congress guaranteed to give Rs 1,500 per month under Grihalakshmi Yojana, while Chief Minister Shivraj Singh Chouhan announced Ladli Brahmin Yojana and started giving Rs 1,000 in the first month and Rs 1,250 in the second month. When Ashok Gehlot started giving cylinders to BPL families for Rs 500, Shivraj Chauhan announced to give cylinders for Rs 450. Whereas in Telangana, KCR has guaranteed to provide gas cylinder for Rs 400. In both Rajasthan and Madhya Pradesh, Congress does not have any big woman leader. But when the elections are being fought around women voters, then it becomes necessary that the women leaders give guarantees to the sisters. Prime Minister Modi has made inroads among women voters through toilets, Jan Dhan accounts, Ujjwala Yojana etc. In Madhya Pradesh, Shivraj Singh Chouhan has come forward as maternal uncle, but no such association of Congress has happened in Rajasthan and Madhya Pradesh. This is also being compensated through Priyanka Gandhi. One thing is interesting. If the opposition party in the state gives further guarantees, then it is understandable, but if the party in power talks about giving guarantees if it wins, then it should be understood what is the matter.

# Time Machine: The story of the rogue oil ships...and the achievements of Emmanuel Nobel

Alfred Nobel's father Emmanuel Nobel was one of the outstanding talents of the 19th century. He was a scientist, planner, and engineer. In March 1928, at the age of 27, he started obtaining a patent but Emmanuel wanted to do business. He ran a construction business which collapsed in 1835. Emmanuel went bankrupt. Alfred Nobel was born in the same year. Alfred Nobel's father Emmanuel Nobel was one of the distinguished talents of the 19th century. He was a scientist, planner, and engineer. In March 1928, at the age of 27, he started obtaining a patent but Emmanuel wanted to do business. He ran a construction business which collapsed in 1835. Emmanuel went bankrupt. Alfred Nobel was born in this year. However, amid the headlines of Nobel Prizes being awarded to those who created new horizons of research and creation in medicine, literature, economics etc., the business world was desperately searching for some news emerging from the dark seas. These news were related to Iran as well as Russia and Venezuela. Last year, the G7 countries imposed a unique restriction on Russian oil that its oil cannot be sold more than $60 per barrel. The ban was imposed because Russia is earning money by selling expensive oil and is destroying Ukraine by imposing war. This condition was implemented through shipping and ship insurance companies. Shippers will no longer carry Russian oil costing more than $60. That goods and travel will not even be insured. When the G7 countries saw the picture of the oil market this September, they started looking sideways. This strictness had no effect on Russia. Its oil was reaching China and India through Basdur tanker ship. Why only Russia, Iran and Venezuela were also roaming around the world selling oil in the name of sanctions. In May this year, a tanker ship named Pablo was the victim of an accident near Malaysia. This 27-year-old ship, registered in Gabon, was illegally transporting Iran's crude oil to the world. Now it was working for Russia too. This is the dark fleet of oil tankers…the world of oil business has realized their power for the first time. These rogue oil tanker ships have sunk in the sea due to sanctions. These old ships carry oil without insurance and are now part of the oil diplomacy of Nicolas Madurro, Vladimir Putin and Al Khamenei. But what relation does this scam have with Nobel? So come and sit in the time machine. We take you to Sweden's historical city Uppsala. About 64 kilometers from Stockholm. Discussion of the history of Northern Europe is impossible without Uppsala. This city is the Kashi, Kaaba or Vatican of the ancient Norse religion. Home to temples of great Norse gods such as Thor and Odin Freyr, Uppsala is a center of Norse legends. This city is also witness to the bloody conflict between Pagan and Christian religions. It is said that the great temple of Uppsala was burnt in that war. Uppsala is thrilling a new generation with tales of Viking history on Netflix. Uppsala University, built in the 15th century, was the center of knowledge in Northern Europe. A famous personality of the university was Old Rudbeck. Medical scientist, explorer, historian Rudbeck influenced Sweden for many generations. Rudbeck was also a singer. He wrote and sang the song for the coronation of Emperor.

## ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन किया गया आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ





मुरादाबाद। ब्राह्मण समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन महानगर मुरादाबाद स्थित पंचायत भवन सभागार में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ ब्राह्मण समाज के पुरोधा स्व.बलवीर पाठक एवं स्व.सुदर्शन शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. के के मिश्रा डायरेक्टर कोठीवाल डेंटल कॉलेज रहे तथा दूरभाष संदेश के द्वारा डीआईजी फायर लखनऊ पं. जुगुल किशोर तिवारी आइपीएस का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । डीआईजी पं. जुगुल किशोर तिवारी ने कहा इस प्रकार के पुनीत आयोजन समाज के लिये अत्याधिक आवश्यक हैं। 16 संस्कारों में मानव जन्म के बाद विवाह एक महत्वपूर्ण संस्कार होता है। उन्होंने कहा दहेज प्रथा की समाप्ति के लिये समाज में युवक युवती परिचय कार्यक्रमों के साथ ही, सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम भी होने चाहिए। पं. के के मिश्रा ने कहा जिन कार्यक्रमों की नींव ब्राह्मण बुजुर्गों ने रखी अब उसको हमें आधुनिक संचार व सौन्दर्य के साथ आगे बढाने की आवश्यकता है। आज ऐसे सार्थक कार्यक्रम हमारे समाज को आपस में एक दूसरे से जोड़ने का कार्य कर सकते हैं। हमारी संस्कृति ही मानव से मानव को जोडकर समाज और राष्ट्र का हित करने वाली रही है । कार्यक्रम संयोजक पं.धवल दीक्षित ने बताया के 150 लडकों व 97 लडकियों के रजिस्ट्रेशन इस कार्यक्रम में हुये। जिसमें से 45 रिश्ते भी बने। हमें आशा है और भी कुछ रिश्ते आपस में अवश्य बनेंगे। कार्यक्रम में विशेष सहयोग इंजीं. अशोक कुमार शर्मा, विमलेन्द्र शर्मा, अवधेश पाठक, सुधांशु कौशिक, मयंक शर्मा, ज्योतिषाचार्य अचल दीक्षित एवं अखिलेश पाण्डे का रहा। कार्यक्रम में डा. प्रदीप शर्मा, पं करनवीर शर्मा, अनिल शर्मा, के के द्विवेदी, प्रेम शंकर उपाध्याय, कार्तिकेय उपाध्याय, सुमित शर्मा, चंचल शर्मा, विशाल शुक्ला, अमित शर्मा, वरुण त्रिवेदी, संजीव उपाध्याय, नरेश शर्मा, महेश चन्द्र शर्मा, शरद शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कांग्रेस पदाधिकारियों ने की डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग



मुरादाबाद- संभागीय परिवहन अधिकारी को कांग्रेस पदाधिकारियों ने दिया ज्ञापन, ई कचरा के कारोबार और उसको जलाने वालों पर हो कारवाई कांग्रेस के जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद व अन्य पदाधिकारियों ने सोमवार को संभागीय परिवहन अधिकारी को ज्ञापन दिया।

इसमें जिले में संचालित डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की गई। साथ ही ई कचरा जलाने वालों पर कारवाई करने के लिए कहा। कांग्रेस नेताओं ने संभागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि जिले में डग्गामार वाहन धड़ल्ले से मुरादाबाद से दिल्ली तक चलाए जा रहे हैं।

इनके संचालन से वाहन स्वामियों में नाराजगी है। इनसे आए दिन दुर्घटना हो रही है फिर भी अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारी आंख बंद किए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे वाहनों के माध्यम से बाहर से अनाधिकृत रूप से ई कचरा लाकर जिले में कई जगह जलाया जाता है। जिससे निकलने वाला हानिकारक रसायन लोगों को नुकसान पहुंचा रहा है। संभागीय परिवहन अधिकारी को ज्ञापन देकर कारवाई करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में हाजी अकरम खान, अफजल साबरी, राजेंद्र बाल्मीकि, भयंकर सिंह, नाजिम मलिक, बाबर सैफी, इरशाद हुसैन, हसन जैदी, वारिस अली आदि मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल परिसर के मंदिर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन



क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ

मुरादाबाद- मुरादाबाद में सोमवार को सिविल लाइन स्थित जिला अस्पताल के प्राचीन बालाजी मंदिर में लगभग 25 वर्षों से हो रहा भंडारा तो वही इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस मौके पर जिला अस्पताल में तैनात प्लास्टर रूम के इंचार्ज महेश चंद्र बताया कि बालाजी की कृपा से इस मंदिर के निर्माण के पश्चात से ही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारा किया गया है, जिसमें भारी संख्या में अस्पताल के स्टाफ सहित सभी आम जनमानस ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया दरअसल इस भंडारे का आयोजन सुबह से प्रारंभ होकर देर रात तक चलता रहा, इस दौरान भक्ति के भजनों से पंडाल गूंजायमान रहा, कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोनी, पूजा, राधिका परिवार का सहयोग रहा।

## लखनऊ में आयोजित मेले में उद्यमियों को मिला स्टाल लगाने का अवसर, आज करें आवेदन



मुरादाबाद- आयुक्त एवं निदेशक ओडीओपी प्रकोष्ठ की ओर से 3-11 नवंबर तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में खादी ग्रामोद्योग एवं हथकरघा, सिल्क और एमएसएमई मेला लगेगा। जिसमें ओडीओपी उद्यमियों को उत्पाद का स्टाल लगाने का अवसर है।

जिसके लिए वह अपने जिले में 31 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। आयुक्त एवं निदेशक उद्योग राजेश कुमार के अनुसार स्टाल लगाने वाले ओडीओपी उत्पादों के उद्यमी को 66,667 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। मुरादाबाद मंडल के संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने बताया कि इस मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक ओडीओपी उत्पाद उद्यमियों के द्वारा प्रतिभाग पर हुए खर्च की प्रतिपूर्ति स्टाल दर, यात्रा व्यय, माल ढुलाई के लिए अपने जिले के जिला उद्यमिता एवं उद्योग केंद्र के माध्यम से कर सकता है।

## महानगर में विराट कोहली के बल्ले का बढ़ा क्रेज, एमआरएफ के स्टीकर लगे बैट खूब बिक रहे

मुरादाबाद-महानगर में विश्वकप को लेकर लोगों में एक अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों को अपने पसंदीदा क्रिकेटर विराट कोहली का पसंदीदा बैट काफी मन को भा रहा है। बच्चो से लेकर बड़े तक दुकान से कोहली का पसंदीदा एमआरएफ के स्टीकर का बैट खरीद रहें है। मांग इतनी बढ़ गई है कि दुकानों पर यह स्टिकर लगा बैट ही खत्म हो गया। मखीजा स्पोर्ट के मालिक तारिक खान ने बताया कि क्रिकेट का क्रेज 12 महीने रहता है। लेकिन जब विश्वकप आता है। तो लोगों के मन मे उत्साह बढ़ जाता है। जिसको लेकर क्रिकेट बैट की खरीदारी बढ़ जाती है। इसमें सबसे ज्यादा खरीदारी एमआरएफ के बैट की होती है। क्योंकि एमआरएफ के बैट से विराट कोहली मैच खेलते हैं। जिसको लेकर युवाओं और बच्चों में काफी क्रेज देखने को मिल रहा है। यह क्रेज इतना बढ़ गया है कि स्पोर्ट की दुकानों पर एमआरएफ के स्टीकर लगे बैट खूब बिक रहे हैं। उन्होंने बताया कि एमआरएफ के बैट की कीमत की बात करें तो 3000 से इसकी कीमत शुरू है। इसके साथ ही छोटे बच्चों के बेड पर एमआरएफ का स्टीकर लगा दिया जाता है। जो 300 से 400 का दे दिया जाता है। लेकिन ओरिजिनल एमआरएफ के स्टीकर के बैट की कीमत 3000 से शुरू है और आपके बजट पर निर्भर करती है।

## ई-रिक्शा में जोन, रूट नंबर अंकन को लेकर उमड़ी भीड़, सिविल लाइन चौराहे के आसपास वाहनों की लगी लंबी लाइन



मुरादाबाद-महानगर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं जाम की समस्या से निजात पाने के लिए पुलिस प्रशासन ने की रिक्शा के रूट निर्धारित कर दिए हैं। व्यवस्थित यातायात की दृष्टि से महानगर में कुल 8 जोन बनाए गए हैं। रूट निर्धारण के बाद अब पुलिस की रिक्शा को जोन वार संचालित करने पर जोर दे रही है। इसी क्रम में सोमवार को भी ई रिक्शा में जोन संख्या और संबंधित ई रिक्शा की पहचान के लिए जोन वार निर्धारित रंग की पट्टी का अंकन किया जा रहा है। ई रिक्शा चालक रामकरन, पिंटू, हरीकरन का कहना है कि रूस निर्धारण की व्यवस्था से उनकी रोजी-रोटी पर व्यापक असर पड़ेगा। अभी तक वह यदि किसी मार्ग पर सवारी उन्हें नहीं मिली तो वह अन्य किसी अन्य भी मार्ग पर जाकर सवारी बैठा लेते थे और दिन भर में 400 से लेकर ?600 तक कमा लेते थे। लेकिन अब व्यवस्था बनने के बाद वह संबंधित मार्ग पर ही ई रिक्शा को चला पाएंगे। यदि सवारी न मिली उन्हें तो परिवार का लालन पोषण करना भी कठिन होगा। वहीं ई रिक्शा में नंबर का अंकन कर रहे कांस्टेबल चंद्रपाल सिंह का कहना है कि महानगर में यातायात व्यवस्था के निर्धारण के लिए जोन सही हो जाने से जाम की झाम से छुटकारा मिलेगा। यही नहीं निर्धारित रूट पर ई रिक्शा चलेंगे तो जनता को भी उसका लाभ मिलेगा। इस बीच में यदि कोई ई रिक्शा रूट से हटकर अनियमित तरीके से किसी अन्य मार्ग पर चला पाया जाता है तो पुलिस कार्रवाई भी करेगी।

यातायात निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि महानगर में लगभग 12000 ई रिक्शा है। इनमें अब तक करीब 800 ई रिक्शा में जॉन संख्या और रूट का अंकन किया गया है। ई-रिक्शा पर रूट नंबर अंकन करने का काम अगले दो-तीन दिन में पूरा कर लिया जाएगा।

### दुरुस्त यातायात से क्राइम भी थमेगा

यातायात निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि ई रिक्शा के जोन और रूट निर्धारण से अपराध को भी रोका जा सकेगा। यदि किसी की रिक्शा पर बैठे यात्रियों के बीच कोई बातचीत होती है या फिर ई रिक्शा चालक ही कोई अपराध करता है तो वह पहचान में आ सकेगा और पुलिस न्याय उचित कार्रवाई भी कर सकेगी। जनता को एक फायदा यह भी होगा यदि किसी ई रिक्शा पर उसका सामान या मोबाइल आज कुछ छूट जाता है अथवा खो जाता है तो वह संबंधित ई रिक्शा नंबर के अनुसार क्षेत्रीय थाने में अपनी शिकायत भी दर्ज कर सकेगा।

## एसएसपी कार्यालय के सामने होटल वाले ने राहगीर को धुना



मुरादाबाद-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के कार्यालय के सामने ही होटल वाले ने बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में एक राहगीर को जमकर पीटा। इस मामले का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना सोमवार दोपहर 12=00 बजे की ही है।

मौके पर मौजूद लोगों ने हो रही मारपीट में बीच बचाव भी किया। हालांकि कुछ देर बाद मामला शांत हो गया। दरअसल, कलेक्ट्रेट के गेट पर ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय है। यहां कार्यालय के सामने मार्ग किनारे काफी संख्या में ठेला-खोमचा लगते हैं। यहीं पर कई वकील भी अपने तखत डालकर बैठते हैं। भजन वाले थले भी लगते हैं वह लोग आसपास ग्राहकों के बैठने के लिए कुर्सियां और मेज भी डाल रखे हैं। इसलिए यहां पर भीड़भाड़ का माहौल रहता है। यहीं पर बीच में ही लोग बेतरतीब ढंग से अपने वहां खड़े करते हैं। इसलिए कर या बाइक खड़ा करने को लेकर यहां अक्सर विवाद होता रहता है। इस मामले में अभी किसी पुलिस अधिकारी ने कोई जवाब नहीं दिया है। अधिकारी सोमवार को हुई मारपीट की घटना में कुछ बोलने से इनकार कर रहे हैं।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में अजय कुमार शर्मा पुत्र गोमती प्रसाद था अब परिवर्तित हो कर मेरा नाम अजय कुमार शर्मा पुत्र गोमती प्रसाद शर्मा हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये
अजय कुमार शर्मा पुत्र गोमती प्रसाद शर्मा विकासखंड हरिहरपुर रानी ग्राम सभा भंगही श्रावस्ती उत्तर प्रदेश

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## मतदान केन्द्रों की सूची के प्रकाशन के संबंध में राजनीतिक दलों प्रतिनिधियों के साथ ली गई बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत मतदान केन्द्रों की सूची के प्रकाशन के संबंध में आज राजनैतिक दलों के अध्यक्ष और प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई थी।
जिसमें कुल मतदान केंद्र, मतदान केंद्र के स्थल परिवर्तन, भवन के नाम परिवर्तन, संगवारी मतदान केंद्र, आदर्श आचार संहिता, एमसीएमसी, निर्वाचन के दौरान वाहनो के दुरूपयोग पर रोकथाम, अंतिम लेखा प्रस्तुत करने के संबंध में, ई.व्ही.एम कमिश्निंग, मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण, स्ट्रॉन्ग रूम, ईटीपीबीएस, वेब कास्टिंग व्यवस्था इत्यादि को लेकर उपस्थित जनों को जानकारी मुहैया कराई गयी। इसके साथ ही नॉमिनेशन की वस्तुस्थिति से भी उपस्थित जनों को अवगत कराया गया।
राजनीतिक दल की बैठक के तुरंत पश्चात ही पत्रकार बंधुओ के साथ प्रेस वार्ता रखी गई थी। जिसमें उक्त में उल्लेखित जानकारी के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल द्वारा पुनः पत्रकार बंधुओं के साथ चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा, एसडीएम श्री रवि सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस प्रेक्षक से आमजन न्यू सर्किट हाउस में कर सकते हैं मुलाकात

क्यूँ न लिखूँ सच
पप्पू जायसवाल
सूरजपुर- जिला सूरजपुर अंतर्गत विधानसभा प्रेमनगर, भटगांव एवं प्रतापपुर हेतु केन्द्रीय चुनाव आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा नियुक्त राजस्थान कैडर के पुलिस प्रेक्षक डॉ. विष्णुकांत ( भा.पु.से. ) द्वारा 29 अक्टूबर को जिला मुख्यालय सूरजपुर में पहुंच कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सूरजपुर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री आई. कल्याण ऐलिसेला व अन्य अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से मुलाकात करते हुए आवश्यक जानकारी प्राप्त कर विधानसभावार चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। पुलिस प्रेक्षक डॉ. विष्णुकांत ( भापुसे. ) से आम नागरिकगण उनके अस्थायी कैम्प कार्यालय न्यू सर्किट हाउस सूरजपुर में रूम नंबर 06 पर मुलाकात कर सकेंगे। इसी प्रकार मोबाईल नंबर 75870-16675 पर अपनी समस्या सुझाव, शिकायत से अवगत करा सकेंगे।



## नामांकन के अंतिम दिन नामांकन कक्ष में दिखी भीड़

क्यूँ न लिखूँ सच -पप्पू जायसवाल
सूरजपुर- आज कुल 09 अभ्यर्थियों ने लिया फॉर्म ,42 अभ्यर्थी ने फॉर्म किया जमा , सूरजपुर के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिये विधानसभा वार कुल 08 व्यक्तियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर ( 04 ) के लिए 04, भटगांव ( 05 ) के लिए 02 एवं प्रतापपुर ( 06 ) के लिए 03 व्यक्तियों ने फार्म लिया। इसके साथ ही प्रेमनगर ( 04 ) विधानसभा से 09 अभ्यर्थी द्वारा फॉर्म जमा किये गये। भटगांव ( 05 ) में पांच अभ्यर्थियों के द्वारा 02 नामांकन फॉर्म जमा किये गये तथा 01 अभ्यर्थी ने तीन फॉर्म जमा किये है। इस आधार पर 22 फॉर्म जमा किये तथा प्रतापपुर ( 06 ) विधानसभा से 11 फॉर्म जमा किया गया।



## सामान्य प्रेक्षक ने नामांकन कक्ष का किया निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच -पप्पू जायसवाल
सूरजपुर- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक श्री राकेश शंकर ( आईएएस ) ने आज नामांकन तिथि के अंतिम दिवस पर संयुक्त जिला कार्यालय के भीतर संचालित तीनों नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया। श्री राकेश शंकर ( आईएएस ) सामान्य प्रेक्षक विधानसभा प्रेमनगर ( 04 ), भटगांव ( 05 ) और प्रतापपुर ( 06 ) तीनों नामांकन कक्ष में पहुंचे थे। जहां उन्होंने नामांकन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है कि नहीं इसके संबंध में उपस्थित संबंधितों से जानकारी ली। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल, डीएफओ श्री पंकज कमल, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा इत्यादि उपस्थित थे।

## सीमावर्ती जंगल में बाघिन की मौजूदगी से थर्राए ग्रामीण

क्यूँ न लिखूँ सच -पप्पू जायसवाल
सूरजपुर- गुरूघासी दास नेशनल पार्क से सटे देवगढ़ जंगल में बाघिन की मौजूदगी की सूचना पर एक बार फिर क्षेत्र के वन अधिकारियों ने सावधानी बरतने की दी सलाह ग्रामीण थर्रा उठे हैं। वन अधिकारी बाघिन के गुरूघासीदास नेशनल पार्क एवं तैमोर पिंगला अभ्यारण्य की ओर जाने की संभावना जताई है तथा जंगल से सटे द गांवों में निवासरत ग्रामीणों को सावधानी बरतने एवं सुबह-शाम जंगल की ओर नहीं जाने की चेतावनी दी है। सीमावर्ती संजय गांधी टाईगर रिजर्व से बीच-बीच में बाघों की आवाजाही होते रहती है। पिछले साल संजय गांधी टाईगर रिजर्व से गुरूघासी दास नेशनल पार्क के रास्ते पहुंचे एक बाघ ने सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों में एक महीने तक भ्रमण करने के बाद पलामू टाईगर रिजर्व तक का सफर तकय किया था। इस बाघ के जाने के बाद एक अन्य बाघिन भी पहुंची थी जिसका सामना ग्रामीणों से हुआ था। बताया जा रहा है कि दो दिन पूर्व सीमावर्ती देवगढ़ जंगल में एक बाघ ने जंगल में चरने गई मवेशियों पर हमला कर एक गाय को अपना शिकार बनाया था तथा चरवाहे पर भी हमला कर दिया था। सूचना पर घटनास्थल पहुंचे वन अधिकारियो ने पदचिन्हों को देखकर जंगल में बाघिन के मौजूद होने की पुष्टि की है तथा दो दिन बाद गुरूघासी दास नेशनल पार्क एवं तमोर पिंगला अभ्यारण्य की ओर जोन की संभावना जताई है। हिंसक वन्य जीवों का आवाजाही को देखते हुए विभाग द्वारा गुरूघासीदास नेशनल पार्क एवं तैमोर पिंगला अभ्यारण्य में बड़ी संख्या में शाकाहारी वन्य जीवों को छोड़ा गया है। बाघिन के गुरूघासी दास नेशनल पार्क की ओर जाने की संभावना पर जंगल से सटे गांवो के लोग काफी भयभीत हैं। गुरूघासीदास अभ्यारण्य के घने जंगल के बीच में अलग-अलग गांवों में बड़ी आबादी निवासरत है, साथ ही चांदनी- बिहारपुर क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांव जंगल के किनारे निवासरत हैं। इस संबंध में वाइल्ड लाइफ वन संरक्षक केआर बढ़ई ने बताया कि वन विभाग की अलग-अलग टीमें बाघिन की नियमित निगरानी कर हे हैं। बाघिन के भ्रमण की संभावना को देखते हुए जंगल से सटे ग्रामीणों को सावधानी बरतने एवं सुबह-शाम जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दी गई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## सीएम योगी बोले : डबल इंजन की सरकार में यूपी का हो रहा तेजी से विकास, भाजपा अनुसूचित जाति की सच्ची हितैषी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोराव में आयोजित भाजपा काशी प्रान्त अनुसूचित जाति महासम्मेलन में 3,357 करोड की 424 विकास परियोजना का लोकार्पण शिलान्यास। विभिन्न योजना के लाभार्थी को प्रमाण पत्र वितरण किया। महासम्मेलन में भारी भीड़ रही। सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में यूपी का विकास तेजी के साथ हो रहा है। मोदी सरकार ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को सम्मान देने का कार्य किया है अंबेडकर से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को पंच तीर्थ के नाम से विकसित कर दलितों का सम्मान बढ़ाया है। इसके अलावा वाल्मीकि और संत रविदास के जन्म स्थान को भी तेजी से विकसित किया जा रहा है। प्रयागराज में वाल्मीकि के जन्म स्थल का दर्शन करने के लिए लालपुर में रोपवे का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोरांव में आयोजित भाजपा काशी प्रान्त अनुसूचित जाति महासम्मेलन में 3,357 करोड की 424 विकास परियोजना का लोकार्पण और शिलान्यास किया।। विभिन्न योजना के लाभार्थी को प्रमाण पत्र वितरण किया। महासम्मेलन में भारी भीड़ रही। सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम रहा।महासम्मेलन में भाजपा काशी प्रान्त के 16 जनपदो के कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा के दौरान बीच बीच में हंगामा होता रहा। सीएम के आने के पहले सुरक्षा गेट पर भाजपाई और पुलिस से धक्कामुक्की हुई। एक एमएलसी के साथ आए



कार्यकर्ताओ ने जमकर हंगामा किया। इससे मेटल डिटेक्टर गेट टूट गया। बडी संख्या मे लोग घुस गए।

### तैनात रही भारी फोर्स

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था में दो हजार पुलिस अफसरों-कर्मचारियों की तैनाती की गई है। चार डीसीपी के अलावा चार एडीसीपी स्तर के अधिकारी तैनात रहेंगे। इसके अलावा एसीपी स्तर के 20 अधिकारी तैनात रहेंगे जिनमें से आठ आसपास के जनपदों से बुलाए गए हैं। चार कंपनी पीएसी के साथ ही करीब 850 कांस्टेबल, 150 एसआई व 30 इंस्पेक्टरों की तैनाती भी की गई है। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए करीब 200 कांस्टेबलों को तैनात किया गया है। इनमें से 50 कांस्टेबल बाहर से बुलाए गए हैं। इसके अलावा 10 टीएसआई की भी नियुक्ति की गई है। ड्यूटी में लगाए गए अफसरों को रविवार शाम आयोजित बैठक में पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पवन कुमार के अलावा तीनों जोन के डीसीपी व अन्य अफसर मौजूद रहे।

### सीएम के आगमन के मद्दनेजर यातायात डायवर्जन

सीएम योगी के 30 अक्तूबर को आगमन/भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर प्रातः 08ः00 बजे से रात आठ बजे तक विभिन्न मार्गों पर यातायात डायवर्जन लागू किया गया है। इसके मुताबिक, भूपियामऊ प्रतापगढ़ से प्रयागराज आने वाले बड़े कॉमर्शियल वाहन कटरा गुलाब, जेठवारा, लाल गोपालगंज, मलाक हरहर होते हुए आवागमन कर सकेंगे। इसी तरह शांतिपुरम से हाजीगंज सोरांव हाईवे की तरफ जाने वाले वाहन, जिनको कार्यक्रम स्थल तक जाना है, रामलीला ग्राउंड में पार्क होंगे। वहां से आगे नहीं जा सकेंगे। मऊआइमा टोल टैक्स से कार्यक्रम स्थल मेवालाल इंटर कॉलेज की तरफ बड़े /कॉमर्शियल वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। मऊआइमा से प्रयागराज आने वाले वाहन कंचनपुर मोड़ से वाया बड़ागांव, 40 नंबर गुमटी होकर शहर की तरफ आ सकेंगे। प्रयागराज से प्रतापगढ़ की तरफ जाने वाले वाहन मलाक हरहर से लाल गोपालगंज, जेठवारा होकर जाएंगे। होलागढ़ से प्रतापगढ़ की तरफ जाने वाले वाहन होलागढ़ मोड़ से कल्याणपुर होकर जा सकेंगे। सोरांव कस्बे से प्रतापगढ़ की तरफ जाने वाले वाहन इस्माइलगंज होकर पार्किंग स्थल- कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले आम जनमानस के वाहनों की पार्किंग ददौली, गंगा डिग्री कॉलेज, नेशनल हाईवे रेस्ट रूम के सामने, रामलीला ग्राउंड पर होगी। वीआईपी पार्किंग मेवालाल इंटर कॉलेज एवं कॉलेज के बगल स्थित खेत में बनाई गई है। सांसद/ विधायक के वाहन कार्यक्रम स्थल के दाहिनी तरफ बने पार्किंग में खड़े होंगे।

## किसान पराली ना जलाएं डीएम ने की अपील

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल
श्रावस्ती जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने जनपद सभी प्रधान एवं कृषक बन्धु से अपील करते हुए बताया है कि मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली तथा मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में पराली/फसल अपशिष्ट जलाना पूर्णतयः प्रतिबन्धित कर दिया गया है तथा इसे दण्डनीय अपराध घोषित किया गया है। पराली/फसल अपशिष्ट जलाने की घटना की पुष्टि होने पर 02 एकड़ तक के कृषक पर रू0 2500/-प्रति घटना, 02 से 05 एकड़ तक के कृषक पर रू0 5000/-प्रति घटना तथा 05 एकड़ से अधिक के कृषक पर रू0 15000/-प्रति घटना अर्थ दण्ड जलाये जाने का प्राविधान है, साथ ही घटना की पुनरावृत्ति होने पर कारावास एवं अर्थ दण्ड दोनों का प्राविधान किया गया है। आपसे अनुरोध है, कि अपनी ग्राम पंचायत में कृषकों को पराली/फसल अपशिष्ट को कदापि न जलाने दें अपितु उसको ग्राम पंचायत के माध्यम से गौ-आश्रय स्थलों को भिजवायें अथवा उसका कम्पोस्ट बनाने में प्रयोग करें। जनपद में पराली/फसल अपशिष्ट जलाने की घटनाओं की सेटेलाइट से मॉनिटरिंग की जा रही है, साथ ही ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत, विकास खण्ड एवं तहसीलवार क्षेत्रीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है जो भ्रमण कर कृषकों को जागरूक एवं निगरानी कर रहे हैं।इस लिए आप सभी से अपील है, कि अपनी ग्राम पंचायत के कृषकों को मा0 उच्च न्यायालय/मा0 राष्ट्रीय हरित अभिकरण ( एन0जी0टी0 )/ शासन के उक्त आदेश की जानकारी देकर उन्हें पराली/फसल अपशिष्ट खेतों में न जलाकर उसका उपरोक्तानुसार समुचित उपयोग कराने का कष्ट करें ताकि वायु प्रदूषण न बढे एवं निराश्रित पशुओं को चारे की व्यवस्था भी हो जाये, साथ ही आपकी ग्राम पंचायत के किसी भी किसान भाईयों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की दण्डात्मक कार्यवाही न करना पड़े।

## महाविद्यालय डिग्री कॉलेजों में स्थापित कराए जाएं वोटर रजिस्ट्रेशन कक्ष

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविन्द कुमार यादव
श्रावस्ती - जनपद के सभी महा विद्यालयो के प्राचार्यो से अपेक्षा किया है अपने शिक्षण संस्थान में वोटर रजिस्ट्रेशन कक्ष एवं एक कोआर्डिनेटर तथा हेल्प डेस्क की स्थापना कराते हुए पात्र छात्र / छात्राओं के नाम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किये जाने हेतु पासपोर्ट साइज का फोटो, हाई स्कूल के प्रमाण-पत्र एवं अभिभावक के मतदाता फोटो पहचान पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ प्रारूप-6 भरवा लें। इसके अतिरिक्त उपर्युक्त सभी फार्म अपने मतदान केन्द्रों, सम्बन्धित तहसील, मतदाता पंजीकरण केन्द्र आदि तथा https://voters. eci.gov.in/ से प्राप्त / डाउनलोड किये जा सकते हैं एवं पुनरीक्षण गतिविधियों आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते है। उक्त वेबसाइट के माध्यम से सभी प्रकार के फार्म ऑनलाइन भरे जा सकते है। प्राप्त फार्मो को सूचीबद्ध करते हुए अपने से सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी / निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलो में स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्र क्रमशः भिनगा तथा इकौना में प्राप्त करना सुनिश्चित करे।

## जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में अवैधानिक शराब, ड्रग्स एवं बड़ी मात्रा में नगद राशि की जप्ती पर बडी कार्यवाही

क्यूँ न लिखूँ सच - शैलेन्द्र राठौर
